1009 **SECOND TERM EVALUATION 2023-2024** **A**

STD. X

Third Language

**HINDI**

Time : 90 Minutes
Maximum Score : 40

exam WINNER®

**सामान्य निर्देश :**

- पहला पंद्रह मिनट कूल ऑफ टाइम है। इस समय प्रश्नों का वाचन करें और उत्तर लिखने की तैयारी करें।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का ही उत्तर लिखें।

**सूचना: 'बसंत मेरे गाँव का' लेख का अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> फूलदेई की विदाई के साथ बसंत का यह उत्सव समाप्त हो जाता है। अंतिम दिन इकट्ठी की गई सामग्री से सामूहिक भोज बनाया जाता है। इस आयोजन में बड़ों की भूमिका केवल सलाह देने तक सीमित होती है। बाकी सारे काम बच्चे करते हैं। उत्तराखंड के हिमालयी अंचल में फूलदेई से बड़ा बच्चों का कोई दूसरा त्यौहार नहीं है।

1. फूलदेई का त्यौहार किस राज्य में मनाया जाता है? 1

(क) कर्नाटक में  (ख) तमिलनाडु में
(ग) केरल में  (घ) उत्तराखंड में

2. वाक्य पिरामिड की पूर्ति करें। 2

(सामूहिक, उत्सव में)




3. उत्तराखंड पर्यटन विभाग के नेतृत्व में 14 मार्च 2024 को फूलदेई का त्यौहार मनानेवाला है। इसके लिए **पोस्टर** तैयार करें। 4

**अथवा**

**फूलदेई के त्यौहार पर टिप्पणी लिखें।**

- बच्चों का सबसे बड़ा त्यौहार।
- देर शाम तक फूल चुनना।
- घरों की देहरियों को फूलों से सजाना।
- सामूहिक भोज बनाना।

सूचना : 'अकाल और उसके बाद' कविता का यह अंश पढ़ें और 4 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

exam WiNNER®

> दाने आए घर के अंदर कई दिनों के बाद
> धुआँ उठा आँगन से ऊपर कई दिनों के बाद
> चमक उठीं घर भर की आँखें कई दिनों के बाद
> कौए ने खुजलाई पाँखें कई दिनों के बाद।

4. 'अकाल और उसके बाद' किसकी रचना है? 1

(क) धर्मवीर भारती की (ख) नागार्जुन की

(ग) मिहिर की (घ) प्रभात की

5. 'चमक उठीं घर भर की आँखें'-क्यों? 2

6. कवि और कविता का परिचय देते हुए कवितांश का **आशय** लिखें। 4

**सूचना : 'ठाकुर का कुआँ' कहानी का अंश पढ़ें और 7 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> गंगी ने पानी न दिया। खराब पानी से बीमारी बढ़ जाएगी इतना जानती थी, परंतु यह न जानती थी कि पानी को उबाल देने से उसकी खराबी जाती रहती है। बोली- "यह पानी कैसे पिओगे? न जाने कौन जानवर मरा है। कुएँ से मैं दूसरा पानी लाए देती हूँ।"
> जोखू ने आश्चर्य से उसकी ओर देखा- "पानी कहाँ से लाएगी?"

7. विशेषण शब्द चुनकर लिखें? 1

(क) पानी (ख) खराब

(ग) बीमारी (घ) जानवर

8. गंगी ने जोखू को पानी न दिया। क्यों? 2

9. कहानी के इस प्रसंग पर **पटकथा** का एक दृश्य लिखें। 4

**सूचना : 'सबसे बड़ा शो मैन' जीवनी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 10 से 12 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> बहुत मुबाहिसा के बाद वह अंततः चार्ली को स्टेज पर ले गया और बचाव के कुछ शब्द कह उसे अकेला छोड़ आया। धुएँ के उड़ते हुए छल्लों के बीच चार्ली ने मशहूर गीत जैक जोन्स गाना शुरू किया।

10. चार्ली ने किस गाने से शो शुरू किया? 1

11. चार्ली को कौन मंच पर ले गया? 1

(क) मैनेजर (ख) दर्शक

(ग) दोस्त (घ) आर्केस्ट्रा वाला

12. चार्ली की उस दिन की **डायरी** लिखें।

**अथवा**

चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और माँ आखिरी बार। इसपर **रपट** तैयार करें।

- माँ की आवाज़ फटना।
- चार्ली का स्टेज पर जाना।
- दर्शकों में गुदगुदी फैलाना।
- दर्शकों का अभिनंदन।

**सूचना : 'आई एम कलाम के बहाने' फिल्मी लेख का अंश पढ़ें और प्रश्न 13 और 14 के उत्तर लिखें।**

> एक दिन रणविजय को उसके स्कूल में भाषण देने के लिए कहा जाता है। रणविजय परेशान है क्योंकि उसकी हिंदी इतनी अच्छी नहीं। कलाम यह जानता है और झट एक अच्छा-सा भाषण लिख अपने दोस्त रणविजय को दे देता है। रणविजय प्रथम पुरस्कार पाता है।

13. सही विकल्प चुनकर लिखें। 1

क) यह + की = उसकी   ख) वे + की = उसकी

ग) ये + की = उसकी   घ) वह + की = उसकी

14. स्कूल में भाषण प्रतियोगिता होनेवाली है। रणविजय परेशान है। इस प्रसंग में कलाम और रणविजय के बीच की **बातचीत** लिखें। 4

**अथवा**

**सही मिलान करें।**

| | |
|---|---|
| भाटी सा | स्कूल जाना चाहता है। |
| लूसी मैडम | घुड़सवारी सिखाता है। |
| कलाम | चाय की दुकान चलाता है। |
| रणविजय | कलाम को वादा देती है। |

**सूचना: 'बीरबहूटी' कहानी का अंश पढ़ें और प्रश्न 15 और 16 के उत्तर लिखें।**

> सुरेंदर जी माटसाब इसी पीरियड में कॉपी जाँचते थे। ज़रा-सी गलती पर बच्चों को इधर-उधर फेंक देते थे या झापड़ मारने लगते थे। उनका हाथ चलना शुरू होता तो रुकना भूल जाता था।

15. सुरेंदर जी माटसाब किस पीरियड में कॉपी जाँचते थे? 1

(क) विज्ञान के पीरियड में   (ख) गणित के पीरियड में

(ग) हिंदी के पीरियड में   (घ) अंग्रेज़ी के पीरियड में

16. बच्चे सुरेंदर जी माटसाब से क्यों डरते थे? 2

सूचना : 'सबसे बड़ा शो मैन' जीवनी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 17 और 18 के उत्तर लिखें।

> गाते-गाते अचानक माँ की आवाज़ फटकर फुसफुसाहट में तब्दील हो गई। लोगों को लगा कि माइक में कुछ खराबी आ गई है, पर फुसफुसाहट ज़ारी थी। लोग चिल्लाने लगे।

17. नमूने के अनुसार लिखें। 1

| | |
|---|---|
| माँ गाती है। | माँ गाने लगी। |
| चार्ली गाता है। | चार्ली ............। |

18. चार सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। 4

- गाने के बीच माँ की आवाज़ फट गई।
- चार्ली का शो दर्शकों के लिए अप्रिय रहा।
- चार्ली को माँ अपने साथ थिएटर ले जाया करती थी।
- चार्ली ने अपनी माँ की आवाज़ की नकल उतारी।
- अंत में माँ ने जैक जोन्स का गीत पेश किया।
- पैसे बटोरने के लिए चार्ली ने गाना रोक दिया।

exam WiNNER®